# आजादी के बाद भी विकास की किरणें नहीं पहुंची है सोहदाग खुर्द

## गांवों में आने-जाने के लिए नहीं है सड़क

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** आजादी के 75 साल पूरे होने पर केंद्र सरकार एक ओर जहां आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है। वहीं नावाबाजार प्रखंड का सोहदाग खुर्द पंचायत आजादी के 75 साल बाद भी विकास की बाट जोह रहा है। गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं हैं। 32 वर्षों बाद 2010 में पंचायत चुनाव हुए ,गांव की सरकार बनी। लोगों में विश्वास जगा कि गांव की सरकार स्थानीय समस्याओं को जरूरतों के अनुरूप दूर करेगी, गांव समृद्ध होगा। लेकिन ग्रामीणों की ये सपने पूरे नहीं हो सके। सोहदाग खुर्द पंचायत में सोहदाग खुर्द, कुंभी खुर्द रजदिरीया, ठेकही, मल्लाह टोली सहित पांच गांव है। जिसकी आबादी लगभग 48 सौ है। पंचायत क्षेत्र के सभी गांव आदिवासी व दलित बाहुल्य है। पंचायत के कोई भी गांव पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है। कच्ची व कीचड़ से सनी सड़क व बरसात में पगडंडी हीं एक मात्र सहारा है। यहां एक और बड़ा जीवंत नाला है, जिसमें सालों भर पानी बहते रहता है । उस पर बांध बनवाने की मांग स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही है। सोहदाग खुर्द पंचायत प्रखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। स्थानीय लोगों ने पंचायत के मुखिया से सड़क बनाने की मांग वर्षो से करते आ रहे हैं ।



**पंचायत क्षेत्र में नहीं है समुचित पेयजल की सुविधा :** तीनों ओर पहाड़ियों से घिरा सोहदाग गांव है। जहां पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने है। जिसके कारण सोड़महुआ ठेकही के परहिया परिवार के लोग नदी व चुआंड़ी का पानी पीते है। पंचायत मुखिया के द्वारा 14 वें 15 वें वित्त अनुदान मद में कई जल मीनार भी लगाए गए हैं। जिसमें आधे से अधिक खराब हो गए हैं। वही कई अनउपयुक्त जगहों पर भी इसे लगाया गया है। गांव के लोग बताते हैं कि मुखिया के द्वारा कुछ विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए चिन्हित जगह पर जल मीनार लगवाया गया है। पंचायत क्षेत्र में आने वाले गांव की कई टोली पूरी तरह उपेक्षित है। पेयजल के लिए कुंआ व चुआड़ी का पानी उपयोग करते हैं। जिससे सदैव बीमारी का डर बना रहता है। **घर से काफी दूर शौचालय बनाकर राशि का किया गया दुरुपयोग :** स्वच्छ भारत अभियान व मनरेगा से पंचायत क्षेत्र में लगभग 800 शौचालय बनवाये गए है । यह आंकड़ा सरकारी रिकॉर्ड में अंकित है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बता रही है। पंचायत क्षेत्र में शौचालय निर्माण कार्य कराना एक योजना समझकर राशि की बंदरबांट की गई है। शौचालय घर से काफी दूर खेतों में बनवाये गए जो जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़े हैं। वहीं शौचालयों की ऊपरी छत हवा में उड़ गए है या ध्वस्त हो गए। ऐसा लग रहा जैसे एक दिन भी उसका उपयोग नहीं किया गया है। पंचायत सहित गांव को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। लेकिन आज भी लोग खुले में सोच को जाते हैं। स्थानीय लोगों की माने तो बिना बनवायें भी शौचालय की राशि की निकासी कर ली गई है।

## न्यूज गैलरी

### पाटन में चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान



**पाटन।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार दीपावली व छठ पर्व को लेकर पाटन थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी प्रकाश कुमार के नेतृत्व में एन्टी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान उन्होंने सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोककर जांच की गयी। इस दौरान वाहनों की डिक्की में रखे सामान की जांच के साथ दस्तावेजों की भी जांच की गई। साथ ही उन्होंने बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन का इंश्योरेंस तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं रहने की स्थिति में लोगों से वाहन नहीं चलाने का निर्देश दिया। पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने हमेशा पब्लिक ग्रामीणों से अपील कर बताया कि मोटरसाइकिल हेलमेट पहनकर चलाएं और वाहनों का कागजात मजबूत कर रखें।

### पत्रकार दीदी कर रही है सरस आजीविका मेला की रिपोर्टिंग



**मेदिनीनगर।** पत्रकार दीदी प्रीति गुप्ता ने कहा कि मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों में उड़ान होती है। ग्रामीण विकास विभाग के विशेष आमंत्रण पर झारखंड की सखी मंडल की दीदियाँ बुधवार को संवाददाता सखी के रूप में पत्रकार दीदी,सरस आजीविका मेले की पूरी रिपोर्टिंग करने में जुटी हैं। ये महिलाएं किसी पत्रकारिता के संस्थान से नहीं हैं, बल्कि झारखण्ड के सुदूर गांवों से है। राजधानी रांची से लगभग 170 किलोमीटर दूर पलामू के एक सुदूर प्रखंड सतबरवा की रहने वाली प्रीती भी संवादाता सखी हैं। प्रीति झारखंड स्टेट लाइव्लीहुड प्रमोशन सोसाइटी जेएसएलपीएस द्वारा अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण लेकर धीरे-धीरे अपने आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाते हुए , तीसरी बार ग्रामीण विकास विभाग के मीडिया विभाग के साथ मिलकर पूरे मेले की रिपोर्टिंग कर रही हैं। इनके द्वारा लिखी महिलाओं के कलात्मक कहानियां चर्चा का विषय बनी हुई है । यह देखकर लोग आश्चर्यचकित हैं। ग्रामीण स्तर की महिलाएं भी इस तरह से काम कर रहे हैं। झारखण्ड की यह बेटी ग्रामीण महिलाओं की सकारात्मक कहानियाँ शेयर कर देश भर में सुर्खियां बटोर रही हैं । लेजर वैली पार्क ग्राउंड सेक्टर 29 के गुरुग्राम हरियाणा मे यह मेला विगत 7 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक संचालित है।

### छापामारी अभियान में जावा महुआ सहित शराब बरामद

**मेदिनीनगर।** दीपावली और छठ को लेकर पलामू उत्पाद अधीक्षक विमला लाकड़ा के आदेशानुसार उत्पाद विभाग कर्मियों के द्वारा बुधवार को नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम ताली,बरवाही, पिपरा सहित अन्य क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान 2000 किलोग्राम जावा महुआ तथा 150 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। उत्पाद विभाग के कर्मियों ने अवैध जावा महुआ और चुलाई शराब को बरामद कर सभी को घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक विमला लाकड़ा ने बताया कि छापामारी अभियान के दौरान सभी शराब तस्कर घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस द्वारा फरार अभियुक्तों की खोजबीन की जा रही है। पकड़े जाने पर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### एसपी के निर्देश पर चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नौडीहा बाजार थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने थाना चेक पोस्ट के निकट सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस चेकिंग अभियान में दो पहिया वाहनों की इंश्योरेंस ,ड्राइविंग, लाइसेंस, हेलमेट, तिरपल लोडिंग तथा चार पहिया वाहनों की सीट सेफ्टी बेल्ट एवं डिक्की, की जांच की गई । थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान पकड़े गए वाहनों की कागजात पुरे नहीं होने के कारण वैसे वाहनों की पलामू डीटीओ ऑफिस चालान के लिए भेजा गया।

## सम्मानित प्रतिमा निर्विवाद स्थल पर स्थापित हो : प्रेमतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्वर्गीय हरिहरबाबू के आदम कद प्रतिमा की पुनर्स्थापना के लिए हो रहें विवाद अब लगभग सुलभता हुआ नजर आ रहा है। सभी की बातों को सरल हल निकालते हुए अनुमंडलीय न्ययालय अधिवक्ता एवं भाजपा नेता प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने स्वर्गीय हरिहरबाबू एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आदमकद मूर्ति को सम्मान पूर्वक प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित अशोक स्तंभ स्मृति के पास लगाने का मांग किया है। उन्होंने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण तथा नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार को एक पत्र लिखकर कहा है कि सन 1990-95 में तत्कालीन विधायक दशरथ कुमार सिंह ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं हुसैनाबाद के तीन बार के सम्मानित विधायक स्वर्गीय हरिहर सिंह का आदमकद प्रतिमा स्थापित किया था। तब से लेकर आज तक यह दोनों स्थल हुसैनाबाद में अपने-अपने महापुरुषों के नामों से जाना जाता रहा है। वर्तमान में बन रहे सड़क ओवरब्रिज निर्माण कार्य में वह प्रतिमा बीच मे आ रही है। जिसे हटाने की बात हो रही है।और लगातार यहां इसको लेकर अलग अलग प्रकार के सामाजिक संगठनों का राय सुनने और जानने को मिल रहा है। इन सभी विवादों के हल निकालते हुए सर्वसम्मति से शहर के प्रबुद्ध लोगों के सर्वे के आधार पर मैं इन दोनों महापुरुष के आदमकद प्रतिमा को प्रखंड कार्यालय परिसर हुसैनाबाद के मैदान में स्थित लगाने का मांग कर रहा हूं। पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि कई दिनों से इसको लेकर राजनीति उफा-फोह मची हुई है। किसी की दुकान तो किसी के मकान तोड़ने की बात हो रही है। जो विवाद का कारण भी है ,इससे सम्मानित प्रतिमाओं की आपमान भी है। जो ना तो जनहित में ठीक है, और ना ही कानूनी तथा सामाजिक रूप से। इसलिए यह प्रस्ताव में उस दिन धरना के माध्यम से अपने संबोधन के ब्यक्तव्य में भी अपने विचारों को रखा था । परंतु लोगों की बाद में सहमति बनी कि यही उचित स्थान है।

### एसपी के निर्देश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

## अपराध नियंत्रण व मानव रक्षा के लिए चेकिंग अभियान जरूरी है: जगन्नाथ धान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिले के पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा के निर्देश पर अनुमण्डल क्षेत्र क्रमशः सभी थाना में बुधवार को दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसको लेकर हैदरनगर थाना के एसआई नितिन पोद्दार एवं सहस्त्र बल के नेतृत्व में हैदरनगर-जपला मुख्य रोड में पुराना थाना भवन के सामने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें दर्जनों दोपहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई । बगैर हेलमेट के वाहन चलाने वाले बाइक चालकों के वाहनों को रोका गया। बाद में कागजात आदि की जांच कर छोड़ दिया गया। इधर हुसैनाबाद थाना अंतर्गत सभी अंचल थाना और देवरी ओपी समेत सभी जगहों पर चेकिंग अभियान लगाया गया। हुसैनाबाद अनुमण्डल गेट के सामने जपला छतरपुर रोड में थाना प्रभारी जगन्नाथ धान एवं सहस्त्र बल के नेतृत्व दर्जनों से ज्यादा वाहनों को रोक कर हेलमेट और कागजात चेक किया एवं जरूरी कागजात को चेक कर चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस सबन्ध में उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी स्थानों पर चेकिंग चलाया जा रहा है, जो कि हाल के दिनों सड़क दुर्घटना और अपराध को रोकने की दिशा में यह कर्रवाई आवश्यक हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि मानव जीवन की रक्षा हेतु अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वंय समझे और बिना हेलमेट और कागजात के गाड़ी नही चलाये। वही देवरी ओपी के प्रभारी एसआई इंद्रदेव राम के नेतृत्व में जपला ,देवरी मुख्य सड़क मोहराव के समीप अभियान चलाया। जिसमे उन्होंने कई चालकों के समझाया और सुरक्षा सेफ्टी का अनुपालन एवं पर्व और त्योहार में अपराध को नियंत्रित करने के लिए यह जरूरी बताया। मौके पर हवलदार शिवलाल महतो,आरक्षी नरेंद्र कुमार', इरफान अंसारी प्रकाश कुमार हवलदार सीधा हेंब्रम मोहम्मद चौकीदार, अमित चौकीदार समेत थाना के कई शस्त्र बल उपस्थित थे।

## ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर एक दिवसीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन

**उंटारी रोड।** प्रखंड के खेल मैदान में बुधवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन लहर बंजारी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, जेएसएलपीएस के बीपीएम दीपक सिंह,डीएम विपीन चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप में दीन दयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल योजना के तहत सभी ट्रेडो से कुल 131 अभियार्थी का चयन किया गया। कैंप में जेएसएलपीएस के सीसी दीपक भास्कर, राकेश गुप्ता, राकेश कुमार, छोटू कुमार, पीआरपी कमलेश कुमार, नीतीश चौधरी, मीना देवी, वीरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## 371 बालिकाओं ने किशोरी समृद्धि के लिए दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर पूर्वी पंचायत के प्लस टू उवि प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना के स्टॉल में 371 बालिकाओं ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आवेदन दिया। इसमें दो किशोरियों का आवेदन तत्काल स्वीकृत कर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने उन्हें स्वीकृत पत्र सौंपा। इस स्टॉल पर महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा व शांति ठाकुर , शांति ठाकुर, सहायक संतोष ठाकुर, तेजस्विनी परियोजना के महेन्द्र कुमार मौजूद थे। वहीं कर्मियों की लापरवाही से गलत बिजली विपत्र जारी किये जाने के संबध में अनूप कुमार सिंह ने विधायक को आवेदन सौंपते हुए कहा कि डेढ़ वर्ष पूर्व शिकयत व जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी उनका विपत्र में सुधार नहीं किया गया, न ही अब तक कोई बिलिंग उनके निजी घर का किया गया। जिस पर विधायक ने हुसैनाबाद के विशेष शिविर में मसला सुलझाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में पंसस शैलू जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मन्नान खान, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, जेएमएम के केन्द्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, रामप्रवेश सिंह, गुड्डू सिंह, उपमुखिया पवन जयसवाल, राजू खान, डॉ. अजय जयसवाल, सहित कई प्रबुद्धजन लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चला स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय के आदेशानुसार क्लीन इंडिया मेघा क्लीनलेस ड्राइव कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मूल उदेश्य स्वच्छ पर्यावरण एवं अपने परिसर की स्वछता हो उसी के तहत बुधवार को नेहरू युवा केन्द्र पलामू एंव राष्ट्रीय सेवा योजना पांकी के द्वारा मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में संयुक्त रूप से स्वछता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर किसान महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी पुरषोत्तम सिंह, नेहरू युवा केन्द्र संगठन पालमू के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक निखिल सिंह के नेतृत्व में क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा स्वयंसेवक नवनीत सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मुख्य रूप से नेहरू युवा केंद्र पलामू के राष्ट्रीय स्वयंसेवक तथा ग्रामीण जनता एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण उपस्थित रहे। मौके पर, प्रोफेसर सर्वेश्वर प्रसाद, रामविलास सिंह, राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक प्रदीप कुमार सिंह, विक्रांत कुमार, अनिकेत कुमार, सीमांत कुमार,ज्योति कुमारी, सोनी,भारती रिद्धि, नीरज पांडे, अमित कुमार, अमित ओझा, विशाल कुमार, आलोक ओझा, नीतीश कुमार ओझा सहित वहां के ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड
कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।
"जिला के पशुपालकों हेतु आम सूचना"

पशुओं के नस्ल सुधार हेतु निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान सेवा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत जिला के सभी प्रखण्डों के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त नस्ल के वीर्य से निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा जिला के सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि जिला के अधिकाधिक पशुओं को कृत्रिम गर्भाधान से आच्छादित करते हुए त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके।

ध्यान योग्य बातें :-

1. गाय एवं भैंस के गर्म होने पर अपने क्षेत्र के कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता/पशुचिकित्सा पदाधिकारी को अवश्य सूचित करें। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति की सुविधा पशुपालक के घर पर निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। अतएव किसी भी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता को उक्त सुविधा हेतु कोई भी राशि भुगतान नहीं करना है।
2. सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निबंधन किया जा रहा है, जो कि पशु का आधार नम्बर बन जाता है। यह कार्य भी निःशुल्क किया जा रहा है। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
3. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें। सभी केन्द्रों को भारत सरकार से ग्रेड 'ए' मान्यता प्राप्त संस्थानों से ही उच्च गुणवता युक्त सीमेन स्ट्रॉज उपलब्ध कराया जाता है। अतएव किसी प्रकार के गलत सूचना/बहकावे में न आवें।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी /जिला पशुपालन पदाधिकारी/स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क करें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

PR 280458 Palamu(22-23)D

# सर्वेश्वरी समूह के गुरी शाखा में लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

### 88 रोगियों को दवा व परामर्श दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम पंचायत में स्थाई सर्वेश्वरी समूह के शाखा में एक दिवसीय निःशुल्क मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वैद्य रंजीत सिंह द्वारा परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु एवं परम पूज्य अघोरेश्वर गुरु पद बाबा राम के चित्र पर विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद अखंड दीप प्रज्वलित करते हुए नारियल फोड़ कर शिविर का उद्घाटन किया गया। रोगियों का चार बजे भोर में ही जांच शुरू की गई। शिविर में वैद्य रंजित सिंह ने कुल 88 रोगियों को जांचोपरांत मिर्गी रोग की दवा पिलाई। इसके अलावा कई रोगियों को परामर्श भी दिये। रंजित सिंह ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समुह व अघोर परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष परम



पूज्य औघड़ गुरु पद बाबा राम के आदेशानुसार पूरे भारतवर्ष में मिर्गी रोग को जड़ से समाप्त करने हेतु श्री सर्वेश्वरी समुह द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है । वैद्य रंजीत सिंह ने कहा कि परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु ने जनता के कल्याण हेतु आशिर्वाद के रूप में यह औषधि प्रदान की है। जिसे मिर्गी रोगियों को निःशुल्क दिया जाता है। यह फकीरी दवा है। आयुर्वेदिक पद्धति से स्वनिर्मित इस दवा को रविवार एवं मंगलवार को प्रातः भोर में सूर्योदय के पूर्व तक देने का विधान है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डालटेगंज शाखा आश्रम। मरहटिया आश्रम, विश्रामपुर शाखा आश्रम सहित सर्वेश्वरी समुह प्रार्थना गृह - गुरी के संजय राम मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, राम लखन पाण्डेय, श्रीकान्त मिश्रा, हलकानी राम, विनोद पाण्डेय, चन्द्रेव साव, साहेब राम, गिरजा राम, श्रवण कुमार, जवाहीर साव, सनोज, आकाश कुमार, अंश कुमार, श्रेया कुमारी संजीत कुमार मिश्रा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA
NETARHAT
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com
Website:www.netarhatvidyalaya.com

NOTICE INVITING RE-TENDER

Advt. No. 1882 Dated – 18 .10.2022

Sealed Quotations are invited from reputed Suppliers/ Publishers/Authorized Distributors /Authorized Dealers for the Supply of different kinds of Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of Magazines ,Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O- Netarhat, Via-Gumla, District- Latehar.(JHARKHAND) PIN-835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 18 .10.2022 at 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 09.11.2022 at 11 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 10 .11.2022 at 01.30 P.M |

Further details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Dr. Santosh Kumar Singh)
Principal Netarhat Aawasiya Vidyalaya Netarhat

PR280364 (Human Resource Developement)22-23*D

समाहरणालय, लातेहार
(जिला राजस्व शाखा)

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/ जि0रा0–2022–23

लातेहार जिलान्तर्गत अरुणोदय अतिथिगृह –सह– कैम्प कार्यालय, नेतरहाट एवं पुराना/ नया परिसदन भवन, लातेहार के लिए निम्नांकित सामग्री/ उपकरण हेतु इच्छुक आपूर्तिकत्ताओं/ निर्माता कम्पनी से कोटेशन निम्नांकित विवरणी के साथ दिनांक–27.10.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला राजस्व शाखा, लातेहार में समर्पित करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित दिनांक 27.10.2022 को 04:00 बजे अपराह्न में कोटेशन को खोला जायेगा। निविदा की शर्ते इस जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | क्र0 | आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की विवरणी | यूनिट | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| Guest House Furniture | 1. | Fabric Sofa | 1 Set | Fabric Sofa Set (3+2+1+1+Coffe table+2 end tables. Model No. DOUGLAS-DURIAN |
| | 2. | Fabric Lounge Sofa | 1 Set | Fabric Lounge Sofa (3+3+2) Model No. ANDREA- DURIAN |
| | 3. | Coffee Table | 5 Set | Coffee Table/brighten Coffee Table set. – DURIAN |
| | 4. | Marble dining Set | 2 Set | Marble dining Set 4 Seater. Model No. CATHERINE / H - DURIAN |
| | 5. | Study Table | 4 pcs | Study Table. Model No. BARKLEY / A - DURIAN |
| | 6. | Leather Chair | 2pcs | Leather Chair. Model No. PRESTIGE / HB. - DURIAN |
| | 7. | Coffee Table | 3pcs | Solid Wood Coffee Table. Model No. LEWIS. - DURIAN |
| | 8. | Lounge Chair | 2pcs | Lounge Chair. Model No. MELODY. - DURIAN |
| | 9. | Leather Sofa | 1 Set | Leather Sofa(3+2+2). Model No. XAVIER. -DURIAN |

अपर समाहर्ता, लातेहार।

PR 280401 Revenue(22-23)D

## न्यूज गैलरी

### अविराम नर्सिंग कॉलेज में एएनएम की बालिकाओं ने पाई सफलता



**चंदवा।** अविराम ग्रामीण विकास स्वयं सेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटाप,चंदवा की ए एन एम सत्र 2020 .22 की बालिकाओं ने प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। 87 प्रतिशत अंक के साथ लीमा बबिता सोरेंग कोलेज में सर्वोच्च स्थान पर रही ,द्वितीय स्थान पर सुमन केरकेट्टा, तृतीय पर उर्मिला, चौथे पर ज्योति कुमारी, पांचवे पर सुभद्रा कुमारी, छठे स्थान पर माईकल डुंगडुंग, सातवे पर रिया, अठवे स्थान पर ज्योति भगत, प्रमिला कुमारी, नवम पर अनिमा और दसवें स्थान पर सबिता कुमारी रही उक्त जानकारी शिक्षिका निशा लकड़ा द्वारा दी गई है। अधिकांश सभी प्रशिक्षु डिस्टिंक्शन से उत्तीर्ण हुए। अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार ने सभी बालिकाओं और अभिभावकों समेत शिक्षको को बधाई दी।

### मूरू फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में बालक वर्ग में पैरा व बालिका वर्ग में बरवाड़ीह की टीम रही विजयी



**बरवाडीह।** प्रखण्ड के मुरू खेल मैदान में मंगलवार की शाम बालक व बालिका फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच पैरा बनाम मंगरा एवं बरवाडीह बनाम हरनामाड़ के बीच खेला गया। जिसमें बालक वर्ग पैरा की टीम दो गोल से वही बालिका वर्ग में बरवाडीह की टीम दो गोल से विजयी रही। बीते 1 सप्ताह से चल रहे बालक एवं बालिका वर्ग के फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अतिथि के रुप में उपस्थित युवा कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ,विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, मुखिया पूनम देवी, कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य रविंदर राम,पूर्व उपप्रमुख अजय यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इसके उपरांत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा मुख्य अतिथि द्वारा पुणे मेंट के विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही टूर्नामेंट में शामिल सभी एक दर्जन टीमों के अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयन कर पुरस्कार दिया गया। मौके कैलाश सिंह, विनय यादव, घनश्याम राम, मंजू देवी, उप मुखिया राजेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पिता की दाह संस्कार में शामिल हो सकेगा सब जोनल कमांडर

**लातेहार।** प्रभारी प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास एवं अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार की अदालत में विचाराधीन दो अलग-अलग आपराधिक वादों में बंद जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर संजय प्रजापति को उनके पिता के देहांत पर मुखाग्नि में शामिल कराने का आदेश पारित किया गया है। श्री प्रजापति के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि संजय प्रजापति दो उग्रवादी मामलों में वांछित थे उन्होंने सरकार के सरेंडर पॉलिसी के तहत आत्मसमर्पण किया था। तदुपरांत उन्हें मंडल कारा लातेहार में भेज दिया गया था। मामलों की विचारण के दौरान उनके पिता कैलाश प्रजापति का निधन आज तड़के चार बजे हो गया। अधिवक्ता श्री कुमार ने मुखाग्नि के लिए संजय प्रजापति को अंतरिम जमानत देने की अपील न्यायालयों से किया था, लेकिन न्यायालयों ने अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच संस्कार में शामिल कराने का आदेश पारित किया। आदेश की प्रति मंडल कारा अधीक्षक को उपलब्ध कराते हुए उन्हें तत्काल उनके पैतृक निवास नावाडीह भेजने की निर्देश दिया है।

### परसोनीया नदी का अस्तित्व खतरे में, बड़े पैमाने पर हो रहा औवध बालू का उत्खनन

**पत्थलगड़ा( चतरा)।** खनन विभाग व प्रशासन की उदासीनता के कारण



पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी पंचायत अंतर्गत परसोनीया नदी से अवैध बालू का उत्खनन जोरों पर है। जिससे परसोनीया नदी के अस्तित्व खतरे में है। यहां तक की नदी नाले में तबदिल होती जा रही है। लेकिन बालू माफिया फिर भी अवैध बालू का उठाव कर रहे हैं। यदि अवैध बालू उठाव पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो नदी बिन बालू के रह जाएगा। इन क्षेत्रों में रात भर ट्रैक्टर के माध्यम से बालू की ढुलाई अवैध रूप से की जाती है। इस कार्य में कुछ स्थानीय लोग भी संलिप्त हैं। अगर गांव के लोग बालू मंगवाते भी है तो दो हजार से लेकर ढाई हजार रुपए प्रति ट्रेक्टर देते हैं, जबकी बाहर बालू ले जाकर बेचते हैं। सूत्रों की माने तो नदी से प्रत्येक दिन करीब 20 से चालीस ट्रैक्टर बालू का उठाव हो रहा है। बालू लदे ट्रैक्टर कच्चे रास्तों से होकर गुजरते हैं। इससे प्रतिदिन सरकार को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। बताते चलें कि कई बार प्रशासन के द्वारा अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को पकड़ा है फिर भी बालू माफिया निर्भीक होकर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं।

### सेमीफाइनल में लातेहार इंडियन ने लातेहार सुपरकिंग को 18 रन से हराकर फाइनल में पहुंचा

**लातेहार।** लातेहार प्रीमियर लीग के सेमी फाइनल का पहला मैच लातेहार सुपरकिंग ताथा लातेहार इंडियन के बीच खेला गया । जहां लातेहार इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 161रन बनाए । जिसमे राजा बाबू नाबाद 82 ताथा प्रभात यादव ने 58 रन का योगदान दिया । लातेहार सुपरकिंग की ओर से गौरव पाल ताथा विष्णु मेहरुर ने एक एक विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार सुपरकिंग ने 19 वे ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 142 रन ही बना सकी । जिसमे विभास कुमार 58, गौरव पाल 18 ताथा अभिजीत सिंह ने 14 रन का योगदान दिया । लातेहार इनियन की ओर से राजा बाबू , रौनक दुबे ताथा प्रभात यादव ने दो दो विकेट चटकाए । मेन ऑफ द मैच लातेहार इंडियन के राजा बाबू को चुना गया ।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की चतरा के नये समाहरणालय बनाने की घोषणा

# चतरा में अगले सत्र से आईटीआई में होगी पढ़ाई



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** बुधवार को जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिला समाहरणालय का नया भवन बनाने, जिले में स्थापित आईटीआई में अगले सत्र से पढ़ाई प्रारंभ करने सहित कई महत्वूपर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री वैसे इलाके जहां खनन कार्य के लिए जमीन का अधिग्रहण हो चुका है या हो रहा है अथवा होना है और जिसमें विस्थापितों को अबतक मुआवजा नही मिला है, उन सभी मामलों में भूमि अधिग्रहण नीति-2013 में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के आधार पर मुआवजा भुगतान कियाए जाने की बात कही। बड़कागांव विधानसभा इलाके के जिन पंचायतों को चतरा नगर पर्षद में शामिल किया गया है, उन्हें फिर से पंचायत में शामिल करने आदि की घोषणाएं मुख्यमंत्री ने की। वहीं इससे पूर्व मुख्यमंत्री को गॉड़ आफ ऑनर दिया गया। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक उमा शंकर अकेला, अम्बा प्रसाद, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जिले के उपायुक्त अबु इमरान और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

**हवाई चप्पल पहनने वाले को हवई जहाज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चढ़ाया: उमा शंकर अकेला**

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित आपके द्वारा कार्यक्रम में बरही विधायक ऊमा शंकर अकेला ने कहा कि पीएम ने हवाई चप्पल पहनने वाले को हवई जहाज से लाने कि घोषण की पर, यह घोषणा आज तक पूरी नही हुई। लेकिन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने यह कर दिखाया। किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री ने ऐसा काम नही किया की चप्पल पहन्ने वाले मजदूर को हावई जहाज से दुसरे प्रदेश से लाया हो। आगे कहा कि जब बीजेपी की सरकार बनी तो सिर्फ नारे बाजी हुई। नौकरी देने की, कालाधन लेकर गरीबों को 15 लाख देने की, लेकिन यह साबित हुआ कि बिजेपो, कहती ,कुछ और करती कुछ और है। बीजेपी को गरीब मजदूरों की चिंता नही, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है।

**चतरा में विस्थापन बड़ा मुद्दा: अम्बा प्रसाद**

बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित आपके द्वारा कार्यक्रम में कहा कि चतरा में विस्थापन बड़ा मुद्दा है। यहां कई कंपनियां आयी लेकिन क्षेत्र का विकास नही किया, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि विस्थापितों की समस्या जल्द समाप्त की जाएगी। समाज में कई त्रुटियां हैं, ऐसे में हमे भी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। युवाओं के लिए 50 हजार का लोन देने का काम किया जा रहा है। इसके अलावे राज्य सरकार द्वारा राज्य के विकास व जरुरतमंदों के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## वार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में पठान टोला की टीम रही विजेता



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड के छेचा पंचायत अंतर्गत होरीलोंग खेल मैदान में वार्षिक फुटबॉल टूनामेंट की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन प्रखंड जिप सदस्य संतोषी शेखर, मुखिया आशा देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह समेत अन्य अतिथियों के द्वारा सयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। उद्घाटन के पूर्व आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों के साथ साथ मौजूद प्रबुद्ध लोगों कोसम्मानित किया गया। इसके बाद उद्घाटन मैच खेलने उतरे मंगरा पंचायत के अमडीहा और छेचा पंचायत के पठान टोला के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें बेहतर खेल की नसीहत दी गई। वही जीप सदस्य ने कहा की हमारे क्षेत्र में खेल की प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस जरूरत है तो खेल को खेल की भावना से खेलने और खेल क्षेत्र में जुड़े खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की ताकि उनके खेल के जरिए खिलाड़ी अपना कैरियर तो बनाए। टूनामेंट का उद्घाटन मैच में अमडीहा और पठान टोला के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। गोल्डन टाइम के दौरान छेचा की टीम ने अमडीहा को एक गोल से हरा दिया। मौके पर उप मुखिया राणा प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक नंनदेव राम, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, आयोजन समिति के राजीव सिन्हा, पंकज तिवारी, अतुल कुमार सिंह समेत काफी सख्या में दर्शक मौजूद थे।

# शिविर में मिले आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया जा रहा है: बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, राजद अध्यक्ष अली हसन अंसारी, मुखिया मंजू देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के समस्याओं के निदान हेतु लगाए गए अलग-अलग स्टाल में 489 पेंशन, राशन कार्ड प्राप्त करने कंबल प्राप्त करने, पीएम आवास, जॉब कार्ड, मनरेगा रोजगार समेत अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 132 आवेदन का शिविर में ही निष्पादन किया गया। बाकी आवेदनों का संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जिसका जल्द ही निष्पादन करने की बात प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कही। कार्यक्रम में बीडीओ ने सावित्री फुले बाइ किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, मुखिया भुनेश्वर सिंहा, पूर्व मुखिया भुनेश्वर सिंह, कमलेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## योग्यता के आधार पर सेविका और सहायिका का हुआ चयन

# सहिया पद के लिए समुद्री देवी का हुआ चयन



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सेविका और सहायिका का उप विकास आयुक्त के निर्देश पर सीडीपीओ बालूमाथ के द्वारा चयन किया गया। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ सीडीपीओ ने बताया कि सेविका और सहायिका का चयन प्राप्त सरकारी निर्देशानुसार स्थानीयता एवं शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नियमानुसार चयन होना है। जिसमें बालूमाथ हरिजन टोला में सहीका पद के लिए 3 आवेदन आए। जिसमें योग्यता के आधार पर मैट्रिक पास आवेदिका समुद्री देवी पति स्व कैलाश राम हरिजन टोला का चयन किया गया। वही बड़का बालूमाथ टोला में आंगनवाड़ी सेविका पद के लिए 11 आवेदन आए। जिसने चार बहुल क्षेत्र से बाहर का कैंनिडेट थे बाकी लोगों का प्राप्त आवेदकों का शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ-साथ संबंधित कागजात को देखते हुए चयन समिति मुखिया एएनएम, प्रधानाध्यापक द्वारा सभी आवेदकों का आवेदन ले लिया गया है। जिसमें प्राप्त आवेदनों को देखते हुए सबसे अधिक योग्यता में सुलेखा कुमारी पति राजीव रंजन जो पोस्ट ग्रेजुएट हैं। आवेदकों का संबंधित कागजात निर्देशानुसार उपरोक्त जिला कार्यालय उप विकास आयुक्त को प्रेषित किया गया है। बता दें कि बड़का बालूमाथ के ग्रामीणों ने वोटिंग कर सेविका चुनाव कराने की सीडीपीओ बालूमाथ से आग्रह किया की गई थी। मौके पर सीडीपीओ अर्चना सिंह, सुपरवाइजर कामनी कुमारी, मुखिया नरेश लोहरा, वार्ड पार्षद ममता देवी, अमर गंझू, देवनाथ ठाकुर, सरस्वती देवी, सुनीता देवी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल, रांची रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग दिघिया गांव के समीप बाइक सवार 45 वर्षीय दिलीप कुमार पिता बालकिशुन बड़ाईक खूंटी कर्रा वर्तमान पता लोहरदगा के भंडारा निवासी अज्ञात चार चक्का वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना बुधवार कि सुबह करीब 10:30 बजे की है। जहां घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना एंबुलेंस 108 को फोन कर दिया गया। जिसके बाद एंबुलेंस 108 के चालक सूरज कुमार ने सड़क दुर्घटना में घायल दिलीप कुमार को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल दिलीप कुमार का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## चंदवा में जमीयतुल इराकीन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# इराकीन को बीसी वन में शामिल कराने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरुलुल उलुम में मंगलवार को जमीयतुल इराकीन (कलाल) बिरादरी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना रिजवान दानिश नदवी के द्वारा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जमीयतुल इराकीन के प्रदेश कन्वेनर मंजूर हसन कासमी, यूथ विंग के कन्वेनर शाह उमैर समेत खुर्शीद हसन रूमी मौजूद थे। मो रूमी साहब ने कलाल बिरादरी के मौजूदा हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि जमीयतुल इराकीन एक पुरानी बॉडी है। झारखंड में मुस्लिम कम्युनिटी के तहत यह बिरादरी दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाली बिरादरी है पर अफसोस की बात यह है कि यह बिरादरी अभी तक आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़ी हुई है। इस बिरादरी के लोग अभी भी खेती बाड़ी, मजदूरी, हमाली और छोटे मोटे कार्य कर अपना जीवन यापन कर रही है। मंजूर हसन कासमी ने कहा कि आज भी हमलोग राजनीतिक पार्टियों के लिए सिर्फ वोट बैंक बन कर रह गये है। जनाब कासमी साहब ने उपस्थित लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि इराकीन (कलाल) को बीसी टू से हटाकर बीसी वन में शामिल कराने की मांग को लेकर जोरदार आंदोलन के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

शाह उमैर साहब ने कहा कि आगामी 20 नवंबर को रांची इटकी में प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सरकार के कई मंत्री व विधायक शिरकत करेंगे उन्होंने लोगो से उस दिन ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक को चंदवा पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, अंजुमन के सदर मो अब्दाल,डॉ शम्स राजा,आदिल भाई रांची,मुबारक आलम, मो एहतेशाम आलम,इरशाद मुन्ना,आरिफ आलम,नौशाद आलम, आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में मो अब्दाल साहब को चंदवा प्रखंड का कन्वेनर चुना गया है जबकि यूथ विंग कन्वेनर के रूप में डॉ शम्स राजा का चयन किया गया। बैठक में मो अरशद,तनवीर आलम,मो नसीम, आदिल समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# ग्रेजुएशन के लिए दो छात्रों को प्रत्येक माह छात्रवृति देगी सॉफ्टवेयर इंजीनियर स्वाति



नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अन्तर्गत नवादा पंचायत के ग्राम जाखड़ (कुम्हारी) में 2002 से संचालित माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों का मैट्रिक परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रौशन करते रहे हैं। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार सिंह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ छात्रों के उज्जवल भविष्य के प्रति भी गंभीर रहे हैं। इसी का परीणाम है कि बच्चे बेहतर करते आ रहे हैं। वहीं में निदेशक श्री सिंह के विशेष आग्रह पर पुणे में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर स्वाति सिंह ने नारी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक वर्ष मैट्रिक परीक्षा में अस्सी फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली दो छात्रा को ग्रेजुएशन करने तक 1000 रुपए प्रति माह छात्रवृति के रूप में सहयोग करने की घोषणा की है। सत्र 2021-022 में छात्राओं के समूह में 437 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा स्वाति कुमारी, पिता बालेश्वर साव, ग्राम मयूरहंड व मासूम कुमारी पिता स्व. भोला सिंह ग्राम पारसावा को 1-1 हजार रुपए प्रति माह देने की घोषणा की है। दोनों छात्राओं को यह राशि इसी माह से ग्रेजुएशन करने तक अनवरत मिलता रहेगा। ज्ञात हो कि पिता के नहीं होने के कारण मासूम का विद्यालय में भी शुल्क नहीं लिया जाता था। आज भी इस विद्यालय में इस तरह के कई ऐसे बच्चे हैं जिनसे शुल्क नहीं लिया जाता है। स्वाति सिंह का पैतृक आवास धनरास पिपरा है और तीन भाई-बहन में सबसे बड़ी हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनके पिता स्व. सीताराम सिंह दरभंगा महाविद्यालय में व्याख्यता थे, बाद में वहां छोड़कर इंडिया कोल बोर्ड के निदेशक बने। तीनों भाई बहन छोटे थे तभी पिता का स्वर्गवास हो गया।

## उपायुक्त के निर्देश पर 36 बालूघाटों से बालू का उठाव होगा प्रारंभ

# नियमों के तहत ही होगा बालू का उठाव: आनंद



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सरकार के निर्देश पर कैटगरी वन बालू घाट से बालू उठाव पर रोक हटाए जाने के बाद उपायुक्त भोर सिंह यादव के द्वारा जिले के कैटगरी वन 36 बालूघाटों से बालू उठाव को लेकर निर्देश दिए गए है। उपायुक्त के निर्देश के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी ने बालूउठाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है एवं निर्धारित नियम के तहत ही बालूघाटों से बालू उठाव करने की बात कही है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले भर में कुल 36 बालूघाट से कैंटगरी वन बाल का उठाव 16 अक्टूबर से आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बालू उठाव को लेकर पचायतस्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है, जो बालू उठाव का संचालन करेंगी। वही बालू उठाव के लिए बनायी गयी समिति की निगरानी प्रखंडस्तरीय द्वारा किया जाएगा। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि बालू घाटों से उठाऐं गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उरेश्य एवं सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही होगा एवं बालूघाटों से बालू का उठाव सिर्फ टैक्टर के माध्यम से किया जाएगा। किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया कि बालूघाटों से उठायें गए बालू का स्वामिस्व कर से मुक्त रहेगा।

**पंचायतस्तर पर गठित आठ सदस्यीय समिति बालूघाटों से बालू उठाव का करेंगा संचालन :** जिले के कैंटगरी वन 36 बालूघाटों से बालू उठाव का संचालन पंचायतस्तर पर मुखिया की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यी टीम करेंगी। समिति में मुखिया,उप मुखिया,पंचायत सचिव समेत पांच सदस्यी टीम शामिल किए गए है। जिले के कुल 36 बालूघाटों से बालू उठाव की निगरानी प्रखंडस्तरीय टीम के द्वारा किया जाएगा। नियम के तहत बालू का उठाव हो इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रखंडस्तरीय टीम पर रहेगी। प्रखंडस्तरीय टीम में प्रखंड के अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक शामिल है।

लातेहार, गारू, बरवाडीह, महुआडांड़, मनिका, बालूमाथ बारियातू, हेरहंज, चंदवा प्रखंड के बालू घाटों से बालू का उठाव होगा।

# अभियंता कार दुर्घटना मामले में दूसरे युवक की भी हुई मौत



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** मुरपा मोड में बीते सोमवार रात को अभियंता प्रभात सरोज द्वारा कार एक्सीडेंट में मोटरसाइकिल सवार दूसरा युवक निर्मल कुमार गोविंद नगर का भी रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।जिसके विरोध में परिजन और ग्रामीणों ने बालूमाथ चतरा मुख्य मार्ग मुरपा मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया गया। परिजन और ग्रामीणों ने सड़क हादसे में शामिल अभियंता पर कार्रवाई करने और मृत व्यक्ति की पत्नी को 10 लाख की आर्थिक सहायता, नौकरी बच्चों को शिक्षा आदि की मांग किया गया। मौके पर जाम स्थल पर पहुंच बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन ने मृतक के परिजनों को संवेदना व्यक्त करते हुए कहा सड़क हादसे में जो भी व्यक्ति शामिल है उन पर कार्रवाई की जाएगी और सरकार द्वारा जो भी नियम है उस तहत आर्थिक लाभ एवं अंबेडकर आवास, पेंशन आदि मुहैया कराने की आश्वासन देने के बाद 3 घंटे बाद जाम को हटाया गया। बता दें कि मृतक निर्मल कुमार ने अपने पीछे पत्नी के अलावे तीन छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गए हैं। जिनका जीविका का मात्र एक माध्यम मृत व्यक्ति ही था। जिस के चले जाने से परिवार जनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# कार्तिक मास में तुलसी व आंवले की पूजा से बढ़ती है समृद्धि

ज्योतिषाचार्य ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक मास में सबसे खास काम दीपदान करना होता है। इस महीने में मंदिर, तुलसी, आंवले का पेड़, नदी, पोखर, कुए, बावड़ी और तालाब के किनारे दीपदान किया जाता है। इससे कभी न खत्म होने वाला पुण्य मिलता है। कार्तिक मास 11 अक्टूबर से 8 नवंबर तक रहेगा। पुराणों में इस महीने को बहुत खास बताया गया है। हिन्दी पंचांग का आठवां महीना कार्तिक तीज-त्योहार के लिहाज से बहुत खास है। इस महीने में पुष्य नक्षत्र, धन तेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा, देवउठनी एकादशी जैसे बड़े तीज-त्योहार रहते हैं। ये माह 8 नवंबर तक रहेगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक मास में गणेश जी, विष्णु-लक्ष्मी, धनवंतरि, गोवर्धन पर्वत, छठ माता, सूर्य देव के साथ ही कार्तिकेय स्वामी की भी पूजा जरूर करनी चाहिए। कार्तिक मास सेहत के लिए बहुत ही खास माना गया है। इस महीने में शरद ऋतु शुरू होती है। दो बदलते मौसम के बीच का समय होने से इन दिनों सेहत संबंधी परेशानी भी होने लगती है। इसलिए कार्तिक मास में पूरा डेली रूटीन बदलने की बात ग्रंथों में कही गई है। इनमें खाने-पीने और सोने से जुड़े जरूरी नियम कहे गए है। जिनको अपनाने से सेहत अच्छी रहती है और उम्र भी बढ़ती है। मास में रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। इन दिनों में नदी स्नान की परंपरा है। काफी लोग नदी में दीपदान भी करते हैं। कार्तिक महीने का नाम कार्तिकेय स्वामी के नाम पर पड़ा है। इसके बारे में भगवान नारायण ने ब्रह्मा को, ब्रह्मा ने नारद जी को और उन्होंने महाराज पृथु को कार्तिक मास के बारे में बताया है। इस पवित्र महीने में 7 नियम प्रधान माने गए हैं, जिन्हें करने से शुभ फल मिलते हैं और हर मनोकामना पूरी हो सकती है।

## दीपदान से कभी न खत्म होने वाला पुण्य

ज्योतिषाचार्य ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक मास में सबसे खास काम दीपदान करना होता है। इस महीने में मंदिर, तुलसी, आंवले का पेड़, नदी, पोखर, कुए, बावड़ी और तालाब के किनारे दीपदान किया जाता है। इससे कभी न खत्म होने वाला पुण्य मिलता है।



## खान-पान दें ध्यान

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि अभी ठंड शुरू हो जाएगी। इन दिनों में खान-पान में ऐसी चीजें शामिल करें, जो शरीर को ठंड से लड़ने की ताकत देती है। गर्म केसर वाला दूध पीएं। मौसमी फल खाएं। साथ ही, इस महीने में पहनावे पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे कपड़े पहनें, जिनसे शरीर पर बाहरी ठंड का जरूरत से अधिक असर न हो, वर्ना सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारी हो सकती है। पुराणों में ये भी जिक्र है कि कार्तिक मास में जमीन पर सोना चाहिए। ऐसा करने से आलस्य और शारीरिक परेशानियां दूर होती हैं। साथ ही इन दिनों में फलियां और दालें नहीं खानी चाहिए। तेल मालिश भी नहीं करना चाहिए। इन सब बातों का ध्यान रखने से सेहत अच्छी रहती है और उम्र बढ़ती है। कार्तिक महीने में भगवान विष्णु और सूर्य की पूजा करने से बीमारियां दूर रहती हैं। उम्र भी बढ़ती है। इस पवित्र महीने में सूर्योदय से पहले उठकर तीर्थ या पवित्र नदियों के पानी में नहाना चाहिए। ऐसा न कर पाएं तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहाने से तीर्थ स्नान का पुण्य मिल जाता है। इस तरह नहाने से बीमारियां तो दूर होती हैं, जाने-अनजाने में हुए हर तरह के पाप भी खत्म हो जाते हैं।

## प्रकट हुए थे औषधियों के देवता

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि अश्विन महीने की पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा पर देवताओं के वैद्य अश्विनी कुमारों और अमृत देने वाले चंद्रमा की पूजा होती है। ताकि कार्तिक महीने में सेहत संबंधी परेशानी न हो। इसके 12 दिन बाद औषधियों के जनक यानी धन्वंतरि की पूजा का दिन होता है। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत का कलश और औषधियां लेकर प्रकट हुए थे। इनकी पूजा से आरोग्य और लंबी उम्र मिलती है।

## संयम से बढ़ती है इच्छा शक्ति

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक मास के दौरान कम बोलना चाहिए। मन पर संयम रखें। किसी की बुराई न करें और विवादों से भी बचें। इन दिनों में ब्रह्मचर्य के नियम मानने चाहिए। ऐसा करने से इच्छा शक्ति मजबूत होती है और अंदरूनी ताकत बढ़ती है।

कार्तिक महीने में सूर्योदय से पहले उठकर खाली पेट पानी के साथ तुलसी के कुछ पत्ते निगल लिए जाएं तो पूरे साल बीमारियों से बच सकते हैं। इन दिनों पित्त बहुत बढ़ता है। इसलिए कार्तिक महीने के दौरान बैंगन, मठ्ठा, करेला, फलियां और दालें नहीं खानी चाहिए। इनके अलावा जमीकंद यानी मूली, गाजर, गराडू, शकरकंद और अन्य तरह के कंद मूल खाना सेहत के लिए अच्छा रहता है।

## नदी स्नान करने की है परंपरा

विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक महीने में पवित्र नदियों में स्नान और दीप दान करने की परंपरा है। इसकी शुरूआत शरद पूर्णिमा से होती है। इसी वजह से कार्तिक माह में देशभर की सभी पवित्र नदियों में स्नान के लिए काफी लोग पहुंचते हैं। स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें। स्नान घाट पर ही जरूरतमंद लोगों को दान-पुण्य करें।

## जप और ध्यान के लिए कार्तिक मास

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि रोज सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मंदिर में इष्टदेव के मंत्रों का जप करें। जप करते हुए ध्यान करें। जिन लोगों का मन अशांत रहता है, उन लोगों को कार्तिक मास में जप और ध्यान जरूर करना चाहिए। ये समय जप और ध्यान के लिए वरदान की तरह है। इन दिनों में मौसम ऐसा रहता है, जिससे मन जल्दी एकाग्र हो जाता है और जप-ध्यान करने से अशांति दूर हो जाती है। ध्यान करने के लिए किसी शांत और पवित्र स्थान का चयन करना चाहिए। इस माह में किया गया पूजा-पाठ साधक को पापों से मुक्ति प्रदान करता है। कार्तिक महीने में किसी पवित्र नदी में ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करना शुभफलदायक होता है। यह स्नान अविवाहित या विवाहित महिलाएं समान रूप से कर सकती हैं। अगर आप पवित्र नदी तक जाने में असमर्थ हैं, तो घर पर स्नान के जल में गंगा जल मिलाकर भी स्नान किया जा सकता है। कार्तिक मास में भगवान विष्णु के शालग्राम रूप की पूजा करने से महापुण्य मिलता है। इस महीने में तुलसी और आंवले के पेड़ की पूजा भी करने की परंपरा है। ऐसा करने से सुख-समृद्धि और आरोग्य मिलता है।

## जरूर करें दान-पुण्य

विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस महीने से शीत ऋतु शुरू हो रही है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों को कंबल और ऊनी वस्त्रों का दान जरूर करें। कार्तिक मास में जरूरतमंद लोगों को धन, अनाज, कपड़े, ऊनी कपड़े का दान करें। किसी गौशाला में गायों की देखभाल करें। गायों के लिए धन का दान करें। इस महीने तुलसी, अन्न, गाय और आंवले का पौधा दान करने का विशेष महत्व होता है। जो देवालय में, नदी के किनारे, सड़क पर या जहां सोते हैं वहां पर दीपदान करता है उसे सर्वतोमुखी लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। यानी हर तरफ से लक्ष्मी की कृपा मिलती है। जो मंदिर में दीप जलाता है उसे विष्णु लोक में जगह मिलती है। जो दुर्गम जगह दीप दान करता है वह कभी नरक में नहीं जाता, ऐसी मान्यता है। इस महीने में केले के फल का तथा कंबल का दान अत्यंत श्रेष्ठ है। सुबह जल्दी भगवान विष्णु की पूजा और रात्रि में आकाश दीप का दान करना चाहिए।

## कार्तिक मास में हुआ था तारकासुर वध

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक इस महीने में शिव पुत्र कार्तिकेय ने दैत्य तारकासुर का वध किया था। कथा के अनुसार तारकासुर, वज्रांग दैत्य का पुत्र और असुरों का राजा था। देवताओं को जीतने के लिए उसने शिवजी की तपस्या की। उसने असुरों पर आधिपत्य और खुद के शिवपुत्र के अलावा अन्य किसी से न मारे जा सकने का महादेव का वरदान मांगा था। देवताओं ने ब्रह्मा जी को बताया कि तारकासुर का अंत शिव पुत्र से ही होगा। देवताओं ने शिव-पार्वती का विवाह करवाया और उनसे कार्तिकेय (स्कंद) की उत्पत्ति हुई। स्कंद को देवताओं ने अपना सेनापति बनाया और लड़ाई में तारकासुर मारा हुआ। स्कंद पुराण के अनुसार शिव पुत्र कार्तिकेय का पालन कृतिकाओं ने किया इसलिए उनका कार्तिकेय नाम पड़ गया

❖ डा. अनीष व्यास

# किशमिश और शहद का सेवन पुरुषों की यौन दुर्बलता को दूर करने में है मददगार

शहद और किशमिश पुरुषों की यौन दुर्बलता को कम करने में मददगार साबित होती है। किशमिश में आयरन और कॉपर पाए जाते हैं जबकि शहद एमीनो एसिड की कमी को दूर करता है। किशमिश और शहद का सेवन करने से यौन दुर्बलता दूर होती है। फाइटोकेमिकल्स और फाइबर से भरपूर किशमिश हमारे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छा आहार मानी जाती है। इसमें मौजूद आयरन हमारे शरीर में खून की कमी को दूर करता है। इसके सेवन से पाचन तंत्र पर भी बेहतर प्रभाव पड़ता हैं। किशमिश खाने में तो स्वादिष्ट लगती ही है, साथ ही ये हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। किशमिश में पोटेशियम, कॉपर, विटामिन बी6, कैल्शियम भी पाया जाता है। किशमिश में प्रोटीन, आयरन, विटामिन्स और फाइबर भरपूर होता है। जब किशमिश और शहद का सेवन करने टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ावा मिलता है, जिससे पुरुषों की शारीरिक दुर्बलता को दूर करने में मदद मिलती है। आईये जानते हैं किशमिश और शहद का सेवन करने से हमारे शरीर को क्या-क्या फायदे मिलते हैं।



## यौन दुर्बलता को दूर करने में सहायक

शहद और किशमिश पुरुषों की यौन दुर्बलता को कम करने में मददगार साबित होती है। किशमिश में आयरन और कॉपर पाए जाते हैं जबकि शहद एमीनो एसिड की कमी को दूर करता है। किशमिश और शहद का सेवन करने से यौन दुर्बलता दूर होती है। कई रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि शहद और किशमिश के सेवन से न केवल स्पर्म काउंट बढ़ता है बल्कि स्पर्म की क्वालिटी भी बेहतर होती है।

## पाचन के लिए फायदेमंद

शहद के साथ किशमिश का सेवन पाचन के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। किशमिश और शहद में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके अलावा किशमिश और शहद का सेवन करने से पेट से जुड़ी समस्याएं भी दूर होती हैं।

## आंखों के लिए फायदेमंद

शहद के साथ किशमिश का सेवन करने से आँखों को कई जबरदस्त फायदे मिलते हैं। इनमें मौजूद पॉलीफेनोलिक और फाइटोन्यूट्रिएंट्स, शरीर में एंटी ऑक्सीडेंट को मजबूत बनाता है। मजबूत एंटी ऑक्सीडेंट आंखों की ज्यादातर समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

## एनर्जी और इम्यूनिटी बूस्टर

किशमिश और शहद का सेवन करने से हमारे शरीर को ऊर्जा मिलती है। किशमिश और शहद में पाये जाने वाले पोषक तत्वों से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। किशमिश और शहद का सेवन भूख बढ़ाने में सहायक है। वैश्विक महामारी के दौर में इम्यूनिटी की अहमियत का पता सभी चल चुका है। शहद और किशमिश का सेवन एक साथ करने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है। किशमिश और शहद में पाया जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल गुण शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता हैं। जिससे शरीर को कई बीमारियों और संक्रमण से लड़ने की क्षमता मिलती है।

# कहीं आपके बच्चे को हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत तो नहीं

मोटापा बच्चों में उच्च रक्तचाप के लिए प्राथमिक जोखिम माना जाता है। मोटापा न केवल आपके बच्चे को उच्च रक्तचाप के खतरे को बढ़ाता है, बल्कि हृदय रोग और मधुमेह जैसी कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की वजह भी बन सकता है। आज के दौर में बड़ों से लेकर बच्चों तक के लाइफस्टाइल व खानपान की आदतों में कोई बदलाव आया है। यही कारण है कि अब ऐसी कई बीमारियां भी बच्चों को होने लगी हैं, जो कुछ समय पहले तक केवल व्यस्कों में ही देखी जाती थीं। इन्हीं में से एक है हाई बीपी की समस्या। ब्लड प्रेशर का अधिक होना हृद्य सहित अन्य कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की वजह बन सकता है। इसलिए समय रहते इसकी पहचान करना और आवश्यक उपाय करना बेहद जरूरी है।



**नजर आते हैं ये लक्षण**

यूं तो बीपी की समस्या को एक साइलेंट किलर माना जाता है, क्योंकि इसके लक्षण जल्द नजर नहीं आते हैं। लेकिन फिर भी आप कुछ संकेतों के जरिए बच्चों में इसकी पहचान कर सकते हैं-

- बच्चों को हाई बीपी के कारण तेज सिरदर्द या चक्कर का अहसास हो सकता है।
- अमूमन ब्लड प्रेशर अधिक होने पर बच्चों को सांस लेने में भी तकलीफ हो सकती है। कुछ बच्चे सीने में दर्द या जकड़न की शिकायत भी कर सकते हैं।
- हाई ब्लड प्रेशर के कारण बच्चों को जी मचलाने या उल्टी की समस्या भी हो सकती है।
- हाई ब्लड प्रेशर के कारण जब उनका शरीर सही तरह से काम नहीं करता है तो इसके कारण उनका व्यवहार भी बदल जाता है और वे चिड़चिड़े हो जाते हैं।
- हाई ब्लड प्रेशर होने पर बच्चे की दिल की धड़कन भी तेज हो सकती है।

**हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क फैक्टर**

ऐसे कई रिस्क फैक्टर हैं, जो बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या की वजह बन सकते हैं। मसलन-

- आवश्यक से अधिक वजन या मोटापा
- उच्च रक्तचाप का पारिवारिक इतिहास
- कछ मेडिकल प्रॉब्लम्स जैसे हार्मोनल असामान्यताएं या स्लीप एपनिया।

मोटापा बच्चों में उच्च रक्तचाप के लिए प्राथमिक जोखिम माना जाता है। मोटापा न केवल आपके बच्चे को उच्च रक्तचाप के खतरे को बढ़ाता है, बल्कि हृदय रोग और मधुमेह जैसी कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की वजह भी बन सकता है।

**हाई ब्लड प्रेशर से बचाव के उपाय**

अगर आप बच्चों को हाई ब्लड प्रेशर से दूर रखना चाहते हैं तो कुछ आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं। जैसे-

- बच्चे का हेल्दी वेट मेंटेन रखने का प्रयास करें।
- बच्चे के खानपान पर ध्यान दें। जहां तक संभव हो, बाहर का खाना अवॉयड करें।
- बच्चों को संतुलित आहार दें। जिससे वह कई तरह की बीमारियों से बच सकें।
- बच्चों के लाइफस्टाइल को एक्टिव बनाएं। उनके साथ कम से कम आधे घंटे के लिए कोई एक्सरसाइज या फिजिकल गेम अवश्य खेलें।

❖ मिताली जैन

# कहीं खून में बढ़ तो नहीं रहा बैड कोलेस्ट्रॉल, पहचानें इस तरह

शरीर में दो तरह का कोलेस्ट्रॉल होता है- गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। जहां गुड कोलेस्ट्रॉल शरीर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में मददगार होता है, वहीं बैड कोलेस्ट्रॉल नसों में जमा होकर दिल के दौरे या स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। शरीर के कई तरह के कार्यों को पूरा करने के लिए कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है। हालांकि, अगर शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाए तो यह हृद्य रोग सहित अन्य कई परेशानियों की वजह बन सकती है। शरीर में दो तरह का कोलेस्ट्रॉल होता है- गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। जहां गुड कोलेस्ट्रॉल शरीर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में मददगार होता है, वहीं बैड कोलेस्ट्रॉल नसों में जमा होकर दिल के दौरे या स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। यूं तो इसके लक्षण जल्द नजर नहीं आते हैं, लेकिन फिर भी आप कुछ संकेतों के जरिए इसे पहचान सकते हैं।

**बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के संकेत**

आमतौर पर, यह माना जाता है कि कोलेस्ट्रॉल के लेवल को चेक करने के लिए ब्लड टेस्ट करवाना आवश्यक होता है। लेकिन फिर भी आपका शरीर कुछ बदलावों के जरिए रक्त में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल के संकेत देता है-

- ब्लड प्रेशर का बढ़ जाना
- बहुत अधिक थकान महसूस होना
- सीने में दर्द या जी मिचलाना
- हाथ-पैरों में ठंडक का अहसास होना या उनका सुन्न हो जाना
- सांस लेने में समस्या अनुभव करना
- मतली या उल्टी होने का अहसास होना
- बहुत अधिक पसीना आना

**बैड कोलेस्ट्रॉल को कैसे करें नियंत्रित**

बैड कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखने के लिए आपको कुछ उपायों को अपनाने की आवश्यकता है-

- साल में एक बार अपना फुल बॉडी चेकअप अवश्य करवाएं।
- अगर आपकी उम्र 45 साल से अधिक है तो हर साल कोलेस्ट्रॉल को चेक करवाना आवश्यक है।
- अपनी डाइट पर विशेष रूप से ध्यान दें। हाई फैटी फूड व ट्रांस फैट का सेवन ना करें।
- प्रोटीन, विटामिन व मिनरल युक्त संतुलित आहार लें। अपनी डाइट में फाइबर रिच फूड्स जैसे साबुत अनाज, दाल व बीन्स आदि को प्राथमिकता दें।
- खुद को फिजिकल रूप से एक्टिव रखें। दिन में कम से कम आधा घंटा शारीरिक कसरत से लिए अवश्य निकालें।
- शराब व धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। पदोन्नति के योग भी बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

**वृष राशि** : आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। जीवनसाथी का साथी मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन राशि** : आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क राशि** : परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास से लवरेज रहेंगे।

**सिंह राशि** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्च बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कन्या राशि** : उच्च शिक्षा एवं शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी।

**तुला राशि** : बातचीत में सन्तुलित रहें। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक राशि** : नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु राशि** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं में कमी आएगी।

**मकर राशि** : नौकरी के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किसी नये कारोबार की रूपरेखा बन सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कर्क्रम हो सकते हैं।

**कुंभ राशि** : परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। मित्र का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें।

**मीन राशि** : मन अशान्त हो सकता है। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ेगा। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

